# सरदारशहर में उपजिला अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर की भूमि को लेकर विवाद

**सरदारशहर** (निसं)। उपजिला अस्पताल सरदारशहर एवं ट्रॉमा सेंटर के निर्माण को लेकर भूमि चयन पर नया विवाद खड़ा हो गया है। क्षेत्र के नागरिकों ने राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण पूर्व में आवंटित भूमि पर ही किया जाए।

ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान सरकार द्वारा उपजिला अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के लिए बजट स्वीकृत किया जा चुका है। 24 जुलाई 2023 के आदेश के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सरदारशहर में

- **नागरिकों ने पूर्व आवंटित जमीन पर निर्माण की मांग उठाई**



सरदारशहर में उपजिला अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर की पूर्व आवंटित जमीन पर निर्माण की मांग उठाई।

खसरा संख्या 775/594 (लगभग 3.2800 हेक्टेयर) भूमि उपजिला अस्पताल हेतु तथा खसरा संख्या 776/594 (लगभग 0.2300 हेक्टेयर) भूमि ट्रॉमा सेंटर हेतु नि:शुल्क आवंटित की गई थी।

नागरिकों का कहना है कि यह भूमि राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने, दिल्ली-बीकानेर मेगा हाईवे और प्रमुख सड़कों के निकट स्थित है, जिससे शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन सुगम रहेगा। उन्होंने इसे अस्पताल निर्माण के लिए उपयुक्त, सुविधाजनक और जनहितकारी बताया है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि 25 अप्रैल 2025 को एक अन्य प्रस्ताव के तहत इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र की भूमि (खसरा संख्या 665/367) पर अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। नागरिकों का आरोप है कि उक्त भूमि औद्योगिक क्षेत्र के पास स्थित है, जहां विभिन्न फैक्ट्रियां संचालित हैं। इससे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण का खतरा बना रहता है, जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल हो सकता है। साथ ही यह क्षेत्र शहर से दूर होने के कारण आपात स्थिति में पहुंचना कठिन हो सकता है।

क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि पूर्व आवंटित भूमि के आसपास विभिन्न समाजों की आबादी निवास करती है और वहां अस्पताल बनने से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से जनहित में उचित निर्णय लेने की मांग की है।

नागरिकों ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री, जिला कलेक्टर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से पूर्व आवंटित भूमि पर ही उपजिला अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की अपील की है।

## श्रमदान कर स्वच्छ जल स्वच्छ मन का संदेश दिया

**चूरू** (निसं)। संत निरंकारी मंडल जोन 19 ए चूरू में प्रोजेक्ट अमृत के चतुर्थ चरण के अंतर्गत रविवार को निरंकारी सत्संग भवन और उसके आसपास के क्षेत्र में जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर सत्संग निरंकारी मण्डल के सेवा दल और निरंकारी महात्माओं द्वारा मिलजुलकर श्रमदान किया गया।

जल संरक्षण के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल केवल संसाधन नहीं जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है। जोनल इंचार्ज शिव भगवान बजाज ने बताया कि जल को सुरक्षित साफ सुथरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। बाबा हरदेव सिंह की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया गया था यह जल संरक्षण एक विशेष दिवस तक सीमित ना करके हर दिन हमारे जीवन शैली का एक अंग बन जाए इसी दिव्य संदेश को देने के लिए सभी महात्माओं के द्वारा सेवा कार्य किया गया। सत्संग में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह की दिव्य शिक्षाओं को सत्संग में साझा करते हुए बताया कि प्रदूषण भीतर और बाहर दोनों जगह ही नहीं होना चाहिए और हमें इस धरती का श्रृंगार करके रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। सेवा सत्संग और सुमिरन के माध्यम से इस धरती को स्वर्ग बनाए और अपने जीवन को भी सफल बनाएं।

# एक रुपया व नारियल में विवाह संपन्न हुआ

**सुजानगढ़** (कासं)। बीदासर तहसील के बाढ़सर गांव में संपन्न हुआ एक विवाह समारोह सामाजिक जागरूकता और आदर्श की मिसाल बन गया। बाढ़सर निवासी उद्यमी जगदीश प्रसाद जाखड़ ने कन्या पक्ष को किसी प्रकार का दहेज नहीं देने का आग्रह किया। दूल्हे अशोक जाखड़ के पिता जगदीश जाखड ने कहा कि केवल पारंपरिक रूप से एक रुपया और नारियल लेकर ही

- **पिता की शर्त ने रची नई मिसाल**
- **दहेज नहीं लेने की शर्त पर रिश्ता किया**

विवाह संपन्न किया जाएगा। परिवार की इस स्पष्ट और सख्त शर्त के बाद ही रिश्ता तय हुआ।

अशोक जाखड, जो पेशे से वेटनरी डॉक्टर हैं, ने भी अपने पिता के निर्णय का समर्थन करते हुए दहेज प्रथा के विरुद्ध संदेश दिया। उनका विवाह कान्ता पुत्री मदनलाल कुल्हड़िया रुक्मा देवी निवासी अणखीसर के साथ सादगी और सामाजिक मूल्यों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर चूरू सांसद राहुल कस्वां, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, विजयपाल चाहर, पूर्व सरपंच



बीदासर तहसील के बाढ़सर गांव में एक विवाह समारोह सामाजिक जागरूकता और आदर्श की मिसाल बन गया।

महेंद्र डूकिया ने शिरकत की और परिवार के इस निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज के शिक्षित और जागरूक परिवारों को आगे आना होगा। ग्रामीणों ने भी इस विवाह को एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए कहा कि यदि हर परिवार इसी प्रकार संकल्प ले, तो दहेज प्रथा स्वत: समाप्त हो सकती है। बाढ़सर गाँव की यह शादी अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है और दहेज मुक्त समाज की दिशा में एक मजबूत संदेश बनकर उभरी है।

### सार-समाचार

## विराट हिन्दू सम्मेलन में समरसता और राष्ट्रभावना का स्वर गूंजा

**रतनगढ़** (निसं)। नगर के सराफों के कुएं के पास स्थित गोदावरी गेस्ट हाऊस में वीर अर्जुन बस्ती के सर्व समाज के नागरिकों द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में नौसरिया के संत सीताराम महाराज का पावन सान्निध्य रहा। कार्यक्रम से पूर्व काली टंकी स्थित वीर हनुमान मंदिर से आयोजन स्थल तक मातृ शक्तियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद सांखोलिया व सुरेन्द्र हरित ने स्वस्ति वाचन किया।अपने संत उद्बोधन में सीताराम महाराज ने रामचरितमानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए आपसी स्नेह, समरसता और सद्भाव से जीवन यापन करने का संदेश दिया।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग समरसता प्रमुख राजेश सोनी ने संगठन की स्थापना, उद्देश्य और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, स्वदेशी, गौ-आधारित पारंपरिक कृषि, कुटुंब प्रबोधन तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण को आवश्यक बताया। गायत्री परिवार की जोनल हेड नीलम गौड़ ने नारी शक्ति और संस्कारों की महत्ता पर प्रेरक काव्य पंक्तियों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्द्रचंद कंवल, गौरीशंकर भोभरिया एवं आयोजन समिति अध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा मंचासीन रहे। गोपालकृष्ण शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रामदेव चंदनिया ने किया। सम्मेलन में बजरंग लाल कठोड, रघुनाथ प्रसाद शर्मा, आसकरण भाटी, पीरूमल प्रजापति सहित सैकडों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित तुलादान प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

**राजलदेसर** (निसं)। श्री राजलदेसर गौशाला में गोपाल मंदिर के जीर्णोद्धार एवं तुलादान प्लेटफॉर्म का विधिवत शुभारंभ रविवार को पंडित भानु प्रकाश दाधीच के मंत्रोच्चार के साथ किया गया। गौशाला परिसर में दानदाताओं के सहयोग से तुलादान प्लेटफॉर्म का निर्माण किया गया है, जिससे धार्मिक आयोजनों एवं गौसेवा गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। वहीं गौशाला में गुरूजी स्वर्गीय महावीर प्रसाद शर्मा स्वर्गीय शकुंतला देवी की पुण्य स्मृति में परिजनों की ओर से गोशाला में स्थित श्री गोपाल कृष्ण मंदिर के आगे पत्थर निर्मित (थ्री सीटर) चार कुर्सियां का भी रविवार को विधिवत पूजा करके शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, मंत्री ललित दाधीच, सह मंत्री रतनलाल बारुपाल, उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, मुकेश श्रीमाल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर फोगला, सुशील शर्मा, हनुमान सोनी, विनोद भाटिया, विकास मारू, राधेश्याम पांडे, शिवभगवान सोनी सहित गौशाला सदस्य उपस्थित रहे।

## गीता पाठ का अभ्यास करवाया

**चूरू** (निसं)। भास्कर भवन में हर रविवार को नियमित रूप से लगने वाली गीता क्लास में रविवार को गीता पाठ का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का शुंभारम्भ दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। संजय सिंघानिया ने बताया कि जनार्दन आचार्य के सानिध्य में नियमित रूप से बच्चे गीता पाठ का अध्ययन कर रहे है। रविवार को गीता पाठ के श्लोको का रिविजन करवाया गया। गीता पाठ करने से बच्चों में संस्कार आते है। हर क्लास के बच्चे गीता पाठ का अध्ययन कर रहे है। इस अवसर पर मोहित सिंघानियां, निरंजन आचार्य आदि उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## फागोत्सव मनाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। रघुनाथ जी के बड़े मन्दिर में शनिवार को लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद द्वारा महिला फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अलका मनोज शर्मा ने बताया कि कस्बे कि लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद द्वारा मंदिर के महंत अशोक दास महाराज के पावन सानिध्य में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुंबई की सुप्रसिद्ध गायिका सुषमा जोशी शर्मा मुम्बई, नगर के सुप्रसिद्ध कलाकार पवन शर्मा निर्मल व गायिका ख़ुशी शर्मा द्वारा फाग-गीतों व भजनों से भगवान को रिझाया गया। गायिका सुषमा जोशी के भजनों पर महिलाएं झूम उठी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मनमोहक सीकर भाजपा शहर महामंत्री राज शर्मा व बुलबुल जोशी का राधा-कृष्ण रास नृत्य रहा जिसके पश्चात फूलों की होली खेली गई जिससे आगन्तुक महिलाए झूम उठी। इस अवसर पर श्री रघुनाथ जी मंदिर के महंत अशोक दास महाराज का साफा, दुपट्टा व माला पहना अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, सचिव दीनदयाल जोशी, उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश महर्षि, सुमन पासोरिया, नीतू ढण्ड, रेखा शर्मा,गायत्री पोडवाल, सरला कुमावत, पूजा सैनी, सीमा शर्मा, सुमन बजाज, सुधा पुरोहित, सरिता शर्मा, कुसुम पुजारी, रीतू बजाज, वीना शर्मा, कुसुम शर्मा, रेणु चितलांगिया , ममता जालान, नीतू जालान, कुसुम नीलिमा शर्मा सहित सैकडों की संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम संयोजक अलका मनोज शर्मा ने जताया सभी का आभार

## अरावली संरक्षण यात्रा हुकूमपुरा धरना स्थल पहुंची

**गुढ़ागौड़जी**, (निसं)। अरावली विरासत जन अभियान के बैनर तले अरावली संरक्षण यात्रा 57 दिन से अवैध खनन के खिलाफ चल रहे धरना स्थल पर पहुंची। इस दौरान धरना स्थल पर जबरदस्त नारेबाजी की गई व ढप-चंग बजाकर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। गुजरात से चलकर करीब 700 किमी के सफर के दौरान अरावली प्रभावित जिलों में भ्रमण करने वाली टीम के लोगों ने हुकूमपुरा, बामलास व गुढ़ा बावनी में चल रहे खनन और क्रेशर इलाके को देखा। उन्होंने एडवोकेट जयंत मूंड के नेतृत्व में हैवी ब्लास्टिंग से टूटे मकानों एवं ध्वस्त ट्ययूबवैलों का भी जायजा लिया। मरुसेना के एडवोकेट जयंत मूंड ने बताया कि हम पिछले 57 दिन से कंपकपाती सर्दी एवं मावठ में धरने पर बैठे है। हमारे यहां आवंटित लीज नियमानुसार संचालित नहीं है और हैवी ब्लास्टिंग की वजह से 200 से ज्यादा घर एवं 40 से ज्यादा कुएं ध्वस्त हो गए तथा साथ ही पर्यावरण दूषित हो गया है। हमने इसको लेकर हर प्रशासनिक स्तर पर बात रखी एवं पत्राचार किया। लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही इनके विरुद्ध नहीं हुई। हम हमारे पहाड़, नदी-नाले, प्रकृति व अरावली के वाशिंदों के न्याय के लिए लड़ रहे है। अरावली बचाने के लिए हम माफियाओं के विरुद्ध अंतिम सांस तक लड़ेंगे। इस मौके पर कैलाश मीणा नीमकाथाना, नीलम अहलुवालिया, रामलाल भट्ट, अशोक चौधरी, कुसुम रावत, दारासिंह मेघवंशी, लीलाधर मीणा, कैप्टन विनोदसिंह, राजबाला सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बेनीवाल नोहर पहुंचे

**नोहर**, (निसं)। हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बेनीवाल का भाजपा नेता काशीराम गोदारा के यहां पहुंचने परभारत माता आश्रम के महंत रामनाथ अवधूत के सान्निध्य में भाजपा नगरमण्डल अध्यक्ष अभीषेक पारीक एवं पदाधिकारियों और सैकडों कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर काशीराम गोदारा ने कहा कि क्षेत्र का यह सौभाग्य है कि कैप्टन मीनू बेनीवाल गौ-प्रेम के चलते और इनकी दृढ़ निष्ठा और समर्पण से क्षेत्र की अनेक गौशालाएं पोषित हो रही हैं। गो माता का आशीर्वाद आप पर सदैव बना रहे और आप इसी प्रकार समाज सेवा करते हुए जनकल्याण में निरंतर अग्रसर रहें। कैप्टन मीनू बेनीवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया। गौशालाओं में तुड़ी चारे की मांग रखे जाने पर उन्होंने तत्काल सहायता प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही जिन अन्य गौशालाओं को तुड़ी चारे की आवश्यकता है, उनके लिए भी शीघ्र व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। गौसेवा, राष्ट्रसेवा और जनसेवा के संकल्प के साथ हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर जमाल सरपंच नंदलाल बैनीवाल, फेफाना मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश बिजारणियां, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अदरीश गौरी, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा रमेश बेनीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, धर्मपाल मान, ओम प्रकाश सुथार, अजीत सिंह राठौड़, सुरेंद्र गालड, श्रवण कुमार रैगर,दशरथ गौड़,रिछपाल भाकर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय वनाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई

**पाटन** (निसं)। पंचायत समिति पाटन की ग्राम पंचायत धांधेला निवासी मनोज कुमार सैनी ने क्षेत्रीय वनाधिकारी पाटन से आवंटित कृषि भूमि से बेदखल नहीं करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उनके दादाजी बुद्धराम पुत्र मामराज माली के नाम कृषि भूमि खसरा नंबर 835 आवंटित हुई थी, जो धांधेला रोड स्थित राजस्व ग्राम पाटन में स्थित है। सैनी ने यह भी बताया कि उनके दादाजी अशिक्षित होने के कारण उक्त भूमि का नामांतरण खातेदारी में नहीं करवा सके। वर्तमान में उक्त भूमि पर उनके परिवार का कब्जा है तथा वर्षों से खेती-बाड़ी कर आजीविका चला रहा है। भूमि पर एक कमरा निर्मित है तथा तारबंदी भी की गई है।प्रार्थी ने प्रशासन से निवेदन किया है कि बुद्धराम पुत्र मामराज माली के वारिसों को भूमि से बेदखल नहीं किया जाए तथा खातेदारी दर्ज करवाने के लिए पर्याप्त समय प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आवंटन प्रतिलिपि, जमाबंदी, पेनल्टी रसीद तथा मिलान खसरा सहित आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए हैं। सैनी ने प्रशासन से मानवीय आधार पर न्याय दिलाने की मांग करते हुए परिवार के भविष्य और आजीविका की सुरक्षा की अपील की है।

## अष्टविनायक धाम का स्थापना दिवस मनाया

**मुकुंदगढ़**, (निसं)। डूंडलोद रोड पर स्थित श्री अष्टिवनायक धाम मंदिर का स्थापना दिवस रविवार को अनेक धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। मंदिर पुजारी राम के आचार्यत्व में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना पंडित रविकांत शर्मा पंडित शंभूदयाल ने श्री गणेश जी महाराज का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान मंदिर ट्रस्टी अनु अनिल अग्रवाल लोहारू का व शारदा लोहारू के सानिध्य में अभिषेक व विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर मंदिर को सतरंगी लाइट व फूलों से आकर्षक सजाया गया। अष्टिवनायक भगवान का अलौकिक शृंगार किया गया। शाम को विशेष महाआरती कर बाबा को भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# ओळा दंपत्ति ने देहदान का संकल्प लिया

**नोहर**, (निसं)। साहित्य अकादमी से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. भरत ओला एवं उनकी शिक्षिका पत्नी सरोज ओला ने गुरुवार को हनुमानगढ़ मेडिकल कॉलेज में देहदान का संकल्प पत्र भरकर समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ. ओला ने कहा, हमने जीवनभर अध्ययन और अध्यापन को अपना धर्म माना है।

हमारी इच्छा है कि मृत्यु के बाद भी हमारा शरीर चिकित्सा शिक्षा के विद्यार्थियों के काम आए, ताकि वे बेहतर डॉक्टर बन सकें और समाज की सेवा कर सकें। सरोज ओला ने भी इस निर्णय को मानवीय मूल्यों से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा, शिक्षक का कार्य केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता।

जीवन के बाद भी यदि हमारा योगदान किसी के भविष्य को संवार सके, तो इससे बडा संतोष और क्या हो सकता है। डॉ. भरत ओला साहित्य, भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए देशभर में पहचाने जाते हैं। वहीं सरोज ओला ने भी लंबे समय तक शिक्षण कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों को दिशा दी है।

दोनों का यह निर्णय न केवल चिकित्सा शिक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि समाज में देहदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कीर्ति शेखावत ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सुनील बेनीवाल, डॉ अर्जुन सिंह राठौड़, डॉ. दीपक सहित अधिकारियों का कहना है कि ऐसे संकल्प चिकित्सा विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देने में सहायक होते हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ भरत ओला और सरोज ओला मूल रूप से भिरानी गांव के निवासी हैं और वर्तमान में नोहर में दिव्यांग बच्चों के लिए होराइजन स्पेशल अकादमी का नि:शुल्क संचालन कर रहे हैं।

# नाकाबंदी तोड़कर फरार दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिले के धनूरी थाना पुलिस ने नाकाबंदी तोड़कर फरार हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। थानाधिकारी संजय गौतम के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दबिश देकर हरियाणा के सिरसा क्षेत्र से दोनों मुख्य आरोपियों को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विरेंद्र उर्फ पवन कुमार (41) निवासी पनीवाला मोटा, सिरसा (हरियाणा) और रायसिंह उर्फ देवीलाल (38) निवासी खारी सुरेरा, सिरसा (हरियाणा) के रूप में हुई है। गिरोह का एक अन्य सदस्य रविंद्र उर्फ रवि पहले ही पुलिस गिरफ्त में आ चुका है। घटनाक्रम 29 अगस्त 2025 की रात का है। बगड़ पुलिस ने खुडाना तिराहा बाईपास पर ए श्रेणी की नाकाबंदी लगा रखी थी। इसी दौरान एक संदिग्ध सफेद फॉर्च्यूनर आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो गाड़ी की रफ्तार धीमी हुई। लेकिन जैसे ही पुलिसकर्मी तलाशी के लिए आगे बढ़े। अगली सीट पर बैठे बदमाश ने अचानक एक काला बैग सडक पर फेंक दिया और ड्राइवर ने एक्सीलेटर दबा दिया। कुछ ही सेकंड में फॉर्च्यूनर पुलिस की नजरों से ओझल हो गई।

पुलिस ने लावारिस बैग खोलकर देखा तो अंदर से 1 पिस्टल मय मैगजीन, 12 जिंदा कारतूस, 29,560 रुपए नकद और 6 चाबियां बरामद हुईं। हथियार और कारतूस मिलने से मामला गंभीर हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच धनूरी थानाधिकारी संजय गौतम को सौंपी गई। उन्होंने विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला। सूचना मिली कि आरोपी हरियाणा के सिरसा इलाके में छिपे हैं। टीम ने दबिश देकर दोनों इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं। मुख्य आरोपी विरेंद्र उर्फ पवन के खिलाफ हत्या (धारा 302), आर्म्स एक्ट और जानलेवा हमले सहित 5 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।आरोपी रायसिंह उर्फ देवीलाल के खिलाफ भी अपहरण और मारपीट के मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर वारदातों को अंजाम देने में माहिर माना जाता है।

## बर्खास्त चिकित्सकों का प्रदर्शन जारी

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिले के सेवारत चिकित्सक संघ ने एकजुटता दिखाते हुए जिलेभर के 400 चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। जिले के सबसे बडे राजकीय अस्पताल झुंझुनूं के 75 चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर छह माह में छह चिकित्सकों को बर्खास्त करने के विरोध में अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। डॉ. साबू के कथित बर्बरतापूर्ण एवं तानाशाही रवैये की भर्त्सना की गई। अरिसदा चिकित्सकों ने मुख्यद्वार पर अरिसदा अध्यक्ष डॉ. एसए जब्बार के नेतृत्व एवं डॉ. राजेंद्र ढाका महासचिव की अध्यक्षता में रविवार को जीबीएम का आयोजन किया गया। जीबीएम में पीएचसी, सीएचसी, उप जिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल समेत 175 संस्थानों में कार्यरत लगभग 400 चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन तेज करने का निर्णय लिया गया है।

## 19वां परिचय सम्मेलन आयोजित

**झुंझुनूं**, (निसं)। सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में गौड ब्राह्मण महासभा द्वारा 19वां युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आगामी 22 मार्च को सुबह 10:15 बजे जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर-4 में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन समाज के युवाओं के लिए वैवाहिक परिचय का एक सशक्त एवं सुव्यवस्थित मंच प्रदान करेगा। गौड ब्राह्मण महासभा के जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक शिवचरण पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल करेंगे। जबकि आयोजन के मुख्य संयोजक विजय कुमार बसोतिया होंगे। प्रदेश स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं संपर्क की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एवं प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप जोशी को सौंपी गई है। जिला स्तर पर जनसंपर्क एवं आवेदन कार्य के लिए आज पुरोहितों की बगीची में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पुजारी, युवा जिलाध्यक्ष ललित जोशी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नीरज शर्मा, मंत्री सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, सुरेंद्र भीमसरिया, रामावतार शर्मा, गोपीराम पुरोहित को जिलेभर में लोगों से संपर्क कर पात्र युवक युवतियों के आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया।

# वीर झुंझा की प्रतिमा स्थापना दिवस एवं सर्वसमाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं के संस्थापक वीर झुंझार सिंह का 18वां प्रतिमा स्थापना रविवार को जिला मुख्यालय पर स्थित वीर झुंझा स्मृति स्थल पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था सचिव सुरेश जाखड़ ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू रहे। वहीं अध्यक्षता राजस्थान मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चोपदार ने की। विशेष मेहमान के तौर पर भारतीय अंडर-19 एवं डब्लूपीएल खेलने वाली राजस्थान की प्रथम महिला क्रिकेटर हैप्पी खीचड़ रही।

बतौर विशिष्ट अतिथि उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, शिक्षाविद समाजसेवी सुधीर तेवतिया, प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुंडा, जिला गौशाला समिति के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता और संस्था संरक्षक बजरंग नेहरा रहे। सर्वप्रथम अतिथिगण द्वारा वीर झुंझा एवं मां भारती के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। डीवी शास्त्री द्वारा आर्य समाज विधि से मंत्रोच्चारण कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकृषण सर्वसमाज की प्रतिभाओं के सम्मान एवं कौमी एकता रहा।

अपने मुख्य वक्तव्य में विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि झुंझा जैसे महापुरुषों की बदौलत ही आज झुंझुनूं की संपूर्ण विश्व में हर क्षेत्र में अलग पहचान है। जो आज हमें गर्व की अनुभूति प्रदान करता है। उन्होंने कहा



वीर झुंझा की प्रतिमा स्थापना दिवस एवं सर्वसमाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

कि आज विकसित भारत के लिए भी भविष्य में बड़ा योगदान अपने जिले का होगा। एमडी चोपदार ने इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम को एकता और सद्भावना के लिए विशेष बताते हुए ऐतिहासिक बताया।

उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर जिले के विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध होंगे। उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने समाज को न्याय तथा महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने का आ ान करते हुए अजेय महायोद्धा महाराजा सूरजमल एवं दीनबंधु सर छोटूराम के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डाला। सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में यूपीएससी के सात, आरपीएससी के 12, यूजीसी की चार, प्रगतिशील नवाचार पशुपालक तीन, लेखक साहित्यकार नौ, रक्षा क्षेत्र में सात, राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में आठ सामाजिक सरोकारों में 16 और नौ पर्वतारोही सहित 75 प्रतिभाओ को सम्मान विभूषित किया गया।

साथ ही डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन द्वारा संस्थान परिसर के भवन

- **कार्यक्रम में दिखी कौमी एकता और सद्भावना की झलक**

में पांच लाख नवनिर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया।

एक लाख रुपए का सहयोग देने वाले राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विद्याधर जाखड़ एवं शिव टेंट हाउस के रामपाल भैड़ा को भी सम्मानित किया गया। अंत में संस्था अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नेहरा ने आभार व्यक्त किया।

डॉ. पितराम गोदारा ने अन्न बचाओ की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हनुमान प्रसाद, हरिराम महण, महेंद्र चौधरी, डॉ. मुकेश एस मूंड, महेश नेहरा, सीकर से रामचंद्र नेहरा, नेमाराम नागौर, बनवारीलाल, अमित नेहरा दिल्ली एनसीआर, चुरु रतनगढ़ से मुकुंदराम नेहरा, प्रिंस स्कूल के चेयरमैन गुलज़ारीलाल कालेर, शिवकरण जानूं, निरंजन जानूं, विजय गोपाल मोटसरा, राजन चौधरी, कर्नल ओमप्रकाश नेहरा, कप्तान रामसिंह, अमरसिंह, धर्मेंद्र पिलानी, बनवारी जाखड, सुरेश कस्वां, सहीराम बलौदा, मनु भाई टीम गुजरात, लादूराम नेहरा और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिंद जालिमपुरा एवं सत्यवीर झाझडिया ने किया।